सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–**161**
16/02/2026

राजस्थान के भिवाड़ी स्थित खुशखेड़ा के केमिकल फैक्ट्री में आग लगने से बिहार के 5 मजदूरों की मौत पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

- मुख्यमंत्री राहत कोष से मृतकों के आश्रितों को दो–दो लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने का दिया निर्देश

पटना, 16 फरवरी 2026 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने राजस्थान के भिवाड़ी के खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में आग लगने के हादसे को अत्यंत दुखद बताया है तथा हादसे में बिहार के 5 मजदूरों की मृत्यु पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने भिवाड़ी के खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में आग लगने के हादसे में बिहार के 5 मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 02–02 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री ने स्थानिक आयुक्त, नई दिल्ली को निर्देश दिया है कि राजस्थान सरकार से आवश्यक समन्वय स्थापित कर मृतकों के पार्थिव शरीर को बिहार लाने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें।

******